आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 गुरूवार दिनांक 12.12.2024
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राज्य में भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जारी किया अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड–कहा कि जनता में विश्वास कायम करना और प्रदेश में सुशासन स्थापित करना उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि।**
- **नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए।**
- **सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस जीपी सिंह को फिर से सेवा में बहाल किया।**
- **मौसम विभाग के अनुसार कल राज्य के उत्तरी भागों में शीतलहर चलने की संभावना।**

**राज्य सरकार–रिपोर्ट कार्ड**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य की भारतीय जनता पार्टी की सरकार कल तेरह दिसंबर को अपने कार्यकाल का एक साल पूरा करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में अपनी सरकार के एक साल का रिपोर्ट कार्ड जारी किया और उपलब्धियां गिनाईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता में विश्वास कायम करना उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि बीते एक वर्ष में मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी बड़े वायदे पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जीडीपी को अगले चार वर्षों के दौरान दस लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार भ्रष्टाचारमुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने के लिए काम कर रही है। सरकार बनते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्परता के साथ कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान प्रदेश में नक्सलवाद के तेजी से उन्मूलन के लिए अभियान चलाया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने किसानों और प्रदेश की जनता के नाम "विष्णु की पाती" के संदेश का विमोचन किया। साथ ही अपने सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित "जनादेश परब रिपोर्ट कार्ड" का भी विमोचन किया।

**जनादेश परब**

रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में कल तेरह दिसंबर को 'जनादेश परब' मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा शामिल होंगे। वहीं, पंद्रह दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान जगदलपुर में बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होंगे।

**माओवादी मुठभेड़**

नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए हैं। इन माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हमारे नारायणपुर संवाददाता ने बताया कि यह मुठभेड़ नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में हुई है। मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने अभियान में शामिल सुरक्षा बल के सभी जवानों की बहादुरी को सलाम किया है।

**मुख्यमंत्री–कोरबा/बिलासपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कोरबा और बिलासपुर जिले के तखतपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी उपस्थित थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले के तखतपुर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के नव–नियुक्ति कर्मियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

**मुख्यमंत्री–रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ जिले के तमनार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंक की यह शाखा खुलने से अब तमनार और घरघोड़ा विकासखंड के किसानों को खेती–किसानी से जुड़े कार्यों के लिए बैंकिंग सुविधा हासिल करने दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल शाम रायपुर के भाठागांव स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड में नवनिर्मित इनोवेशन सेंटर का शुभारंभ किया।

**आईपीएस–तबादला**

राज्य सरकार ने कल देर शाम भारतीय पुलिस सेवा के चार अधिकारियों का तबादला कर दिया है। वर्ष दो हजार ग्यारह बैच के अधिकारी लाल उम्मेद सिंह को रायपुर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। लाल उम्मेद सिंह ने आज रायपुर पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। वहीं, रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह को पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा रवि कुर्रे, कोरिया जिले के नये पुलिस अधीक्षक होंगे। कोरिया के एसपी सूरज सिंह परिहार को बालोद–धनोरा के चौदह बटालियन के सेनानी के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं, राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी हरीश राठौर को मुख्यमंत्री सुरक्षा का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

**जीपी सिंह–बहाल**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी जी.पी. सिंह को बहाल करने के आदेश जारी कर दिए हैं। कल सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार की याचिका को खारिज करते हुए उन्हें बहाल करने के आदेश दिए थे। गौरतलब है कि जी.पी. सिंह उन्नीस सौ चौरानवे बैच के आईपीएस है। छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी।

**हरदीभाटा–पुरस्कार**

धमतरी जिले की हरदीभाटा ग्राम पंचायत को कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल हुआ है। राष्ट्रपति ने यह पुरस्कार हरदीभाटा के सरपंच मुनेन्द्र ध्रुव को कल नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। सरपंच मुनेन्द्र ध्रुव ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि हरदीभाटा ग्राम पंचायत को सामाजिक रूप से न्यायसंगत और संरक्षित पंचायत श्रेणी में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

**लोहारीडीह मामला**

कबीरधाम जिले के लोहारीडीह मामले में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर आज मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की पुलिस ने मृतक कचरू साहू के शव को निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम कराया है। जिले के डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया कि मध्यप्रदेश के डॉक्टरों की टीम ने यह पोस्टमार्टम किया है। गौरतलब है कि बीते चौदह सितंबर की रात को शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू का शव मध्यप्रदेश के बिरसा थाना क्षेत्र के गांव में पेड़ पर लटका हुआ मिला था। पहले इसे आत्महत्या माना गया, लेकिन बाद में मृतक की बेटी ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका लगाई कि उनके पिता की हत्या की गई है। याचिका में शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की गई थी। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन–विशेष कार्यक्रम**

श्रोताओं, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण कल से देशभर के इक्यावन केन्द्रों में आयोजित किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ के भी चार शिक्षण संस्थान शामिल थे। इस पर प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा निर्मित एक विशेष कार्यक्रम का आकाशवाणी, रायपुर द्वारा आज रात आठ बजकर पंद्रह मिनट से प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

## मौसम

छत्तीसगढ़ में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। इसके कारण राज्य के पेंड्रा मरवाही जिले और सरगुजा संभाग के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने या शीतलहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## मतदाता सूची–अंतिम प्रकाशन

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। वहीं, पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कल तेरह दिसंबर को किया जाएगा। आगामी सप्ताह में विभिन्न जिलों के कलेक्टर इन चुनावों के लिए नये सिरे से आरक्षण करेंगे। गौरतलब है कि अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्य मंत्रिमंडल ने इन चुनावों में आरक्षण के संबंध में निर्णय लिया है। इसी के आधार पर नये सिरे से आरक्षण किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने व्यवहार न्यायाधीश प्रवेश परीक्षा दो हजार तेईस का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में रायपुर की श्वेता दीवान ने प्रथम स्थान हासिल किया है।

– नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने आज नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैयालाल निर्मलकर और नगर पालिका परिषद महासमुंद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टामसन रात्रे को वित्तीय अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>